न्यायालय तहसीलदार कोटपूतली जयपुर(राज.)

पीठासीन अधिकारी
भागीरथ राम (आरटीएस)

मि.न.– 94 / 2018

दिनांक–24.1.2019

सरकार बनाम प्रहल्लाद वगै0

निर्णय

पत्रावली पेश हुई । गैर सायलान उपस्थित ।

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि पटवारी हल्का नांगल पण्डितपुरा ने एक रिर्पोट इस आशय कि पेश कि है कि सम्वत 2075 में वाके ग्राम टमोरीवास तहसील कोटपूतली के ख0 न0 301 रकबा 12.87है0 किस्म जमीन गै0 मु0 नला मेंसे 0.20है0 पर प्रहल्लाद पुत्र रामदेव ,कैलाश पुत्र रामेश्वर जाति गुजर्र निवासी टमोरीवास तहसील कोटपूतली जिला जयपुर ने मंदिर, मकान ,बोरिंग बनाकर नाजायज रूप से अतिक्रमण कर लिया है ।

रिर्पोट पटवारी दर्ज रजिस्टर कर गैर सायल को विधिवत LR\ACT 1956 की धारा 91 के तहत नोटिस दिये गया । बाद तामिल नोटिस संलग्न किये गये । सुचनाप्रान्त गैर सायलान उपस्थित आये । परन्तु बार –बार अवसर दिये जाने पर भी जवाब पेश नहीं किया पटवारी हल्का रिपोर्ट के अनुसार अवैध अतिक्रमण सिद्व होता है अतः अतिक्रमियों के विरूद्व कार्यवाही किया जाना उचित प्रतित होता है । अगर अतिक्रमियों के विरूद्व कार्यवाही नहीं की गई तो अतिक्रमण को बढावा मिलेगा व क्षेत्र में असंतोष की स्थिति उत्तन्न होगी ।

अतः प्रहल्लाद पुत्र रामदेव ,कैलाश पुत्र रामेश्वर जाति गुजर्र निवासी टमोरीवास तहसील कोटपूतली जिला जयपुर को वाके ग्राम टमोरीवास तहसील कोटपूतली के ख0 न0 301 / 12.87है0,किस्म जमीन गै0 मु0 नला मे से 0.20है0 पर अतिक्रमी धोषित करते हुये उक्त आराजियात पर से अतिक्रमियों भौतिक रूप से बेदखल किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। तथा उक्त बोरिंग व मकान पर जारी शुदा विधुत कनक्शन विच्छेद की कार्यवाही की जाने व नाजायज रूप से अतिक्रमण करने के आरोप में लगान राशी 2.24का पचास गुणा 112 रू अर्थ दण्ड के रूप में जुर्माना किया जाता है।

निर्णयानुसार बेदखली,पैनल्टी वसुली हेतु भू0 अ0 नि0 व पंटवारी हल्का को तहरीर जारी हो व माग कायमी हेतु तहसील राजस्व लेखा कार को लिखा जावे । जारी शुदा अवैध विधुत कनक्शन विच्छेद हेतु सहायक अभियन्ता विधुत वितरण निगम लि0कोटपूतली को लिखा जावे। निर्णयानुसार कार्यवाही पूर्ण हो कर पत्रावली बाद तकमिल दाखील दफतर होकर नम्बर से कम हो ।

निर्णय आज दिनाक 24.1.19 को सरे इजलास सुनाया गया ।

तहसीलदार (आर0आर0)
कोटपूतली (जयपुर)

2018 019 के रा० लै० ..
पृष्ठ संख्या 66 पर 06
112 रुपये कायम किये गये ।

राजस्व लेखाकार
कोटपूतली